**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 13.11.2024** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार :-**

1- प्रदेश के बुधनी और विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान संपन्न, 75 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग।

2- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 जन औषधि केंद्रों का किया शुभारंभ।

3- प्रदेश में अवैध खनिज परिवहन पर रोक के लिए 41 ई-चैक गेट की होगी स्थापना।सभी 7 हजार खदानों को किया गया जियो टैग।

4- वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश, देश में अव्वल।

**विधानसभा चुनाव**

प्रदेश की दो विधानसभा सीटों बुधनी और विजयपुर में आज मतदान छिटपुट घटानाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। सीहोर जिले की बुधनी सीट पर उत्साह के साथ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यहां शाम 5 बजे तक 72 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ, वहीं विजयपुर में 75 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई। हालांकि मतदान समाप्ति के बाद का आंकड़ा अभी आना बाकी है। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पैतृक गांव जैत में सपरिवार वोट डाला। बुधनी विधानसभा में मतदाताओं द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मतदान किया गया। मतदान में अपने मताधिकार का उपयोग करने महिलाओं, वरिष्ठजनों तथा युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया। लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी मतदान केंद्रों में बड़ी संख्या में मतादाताओं की सुबह से ही लम्बी कतारे देखी गई। मतदान केंद्रों पर महिला, बुजुर्ग और युवा मतदाता बड़ी संख्या में वोट डालने पहुंचें। गौरतलब है कि श्री चौहान इस सीट से विधायक थे, सांसद बनने के बाद उन्होंने यहां से इस्तीफा दे दिया था। उधर विजयपुर में राम निवास रावत के भाजपा में शामिल होने के बाद उपचुनाव हुआ। विजयपुर में वन मंत्री रामनिवास रावत का मुकाबला कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा से है। बुधनी में भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के सामने कांग्रेस ने राजकुमार पटेल को उतारा था।

**प्रधानमंत्री-जन औषधि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया। उन्होंने बिहार के दरभंगा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के साथ इन केंद्रों का उद्घाटन किया। ये केंद्र यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर

रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ योग, आयुष और पोषण को मुख्य स्वास्थ्य सेवाओं में एकीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन औषधि योजनाओं ने पहले की रूढ़िवादी प्रणाली को पूरी तरह से बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स की आधारशिला भी रखी। इसका निर्माण 12 अरब 60 करोड रुपये की लागत से किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री संवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विद्यार्थियों को अपना जुनून हमेशा कायम रखना चाहिए। इच्छाशक्ति जितनी दृढ़ होगी, लक्ष्य उतना ही आसान होगा। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी पद पर पहुंचे, मित्रता का प्रेमभाव हमेशा बनाए रखना। इसका सबसे अच्छा उदाहरण श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती का है। उनकी दोस्ती 11 वर्ष की उम्र में हुई थी और जब वे द्वारका के राजा बने तब भी उनकी दोस्ती ने दुनिया के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राजस्थान के कोटा जिले में एक शिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान डॉ. यादव ने कहा कि बच्चे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, पर्याप्त नींद लें, नियमित व्यायाम करें और टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लक्ष्य प्राप्ति का बेहतरीन उदाहरण बताया, जो साधारण कार्यकर्ता से प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे।

**खनिज ई-चेकगेट**

प्रदेश में अवैध खनिज परिवहन पर नियंत्रण के लिये 41 ई-चेकगेट की स्थापना की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की सभी 7 हजार खदानों को जियो टैग कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन ई-चेकगेटों पर वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहनों की जाँच की जायेगी। परियोजना में पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में खनिज परिवहन के लिये महत्वपूर्ण मार्ग के 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अवैध परिवहन की निगरानी के लिये राज्य स्तर पर भोपाल में कमॉण्ड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला भोपाल एवं रायसेन में जिला कमॉण्ड सेंटर स्थापित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि अगले महीने तक सभी 41 ई-चेकगेट की स्थापना किये जाने का लक्ष्य है।

**आयुष्मान बुजुर्ग**

वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया है कि राज्य में अब तक 2 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के बनाये जा चुके हैं। उन्होंने इस कार्य में उल्लेखनीय प्रगति पर समस्त संलग्न अधिकारियों, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सराहना की है। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों तक स्वास्थ्य सुरक्षा पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ योगेश भरसट ने बताया कि

मध्यप्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के अब तक 2 लाख 667 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। वहीं केरल में अब तक 1 लाख 76 हज़ार 167 कार्ड बनाए गए हैं। उधर, विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले के वयोवृद्ध 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों से आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन कराने की अपील की।

**ट्रेन सुविधा**

यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा एकता नगर-केवड़िया से रीवा के बीच चलने वाली साप्ताहिक महामना एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी के दो कोच अस्थाई रूप से दोनों दिशाओं में लगाने का निर्णय लिया गया है। वहीं जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के एक अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया गया हैं। प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

**पन्ना टाइगर रिजर्व**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों कि मौत के बाद अब प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में भी हाथियों की सुरक्षा को लेकर प्रबंधन सजग हो गया है। पन्ना टाइगर रिजर्व की फील्ड डायरेक्टर अंजता सुचिता तिर्की ने बताया कि कैम्प में हाथियों को दिए जाने वाले राशन की अलग-अलग अधिकारी जांच कर रहे हैं।

**समाचार संक्षेप :-**

1- आगरमालवा जिले मे 70 वर्ष से अधिक आयु के समस्त वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला चिकित्सालय में शिविर आयोजित कर 70 पेंशनरों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

2- शहडोल जिला चिकित्सालय में भी 70 साल की उम्र पार कर चुके वरिष्ठ चिकित्सकों को आमंत्रित कर उनका आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

3- आपात स्थिति में मरीजों के त्वरित उपचार हेतु रायसेन जिला चिकित्सालय में कलेक्टर की उपस्थिति में मॉक ड्रिल की गई।

4- नीमच जिले में राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महा-अभियान 3.0 का आयोजन किया जाएगा।

5- अशोकनगर में आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित किया गया।

6- खंडवा नगर निगम द्वारा शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। निगम द्वारा आज कई अवैध निर्माण को हटाया गया।

-------------------